तापमान
अधिकतम 38.5 डिग्री
न्यूनतम 20.8 डिग्री

हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, शनिवार 2 मई 2026

11 आमजन की शिकायतों का तय समय में निवारण करे अधिकारीः डीसी



12 नागरिक अस्पताल कोसली को मिले पांच विशेषज्ञ डॉक्टर, स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़






## खबर संक्षेप

### अवैध शराब के साथ पांच आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** जिला पुलिस ने आगामी शहरी निकाय चुनाव को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत अवैध रूप से शराब बेचने वाले 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीमों ने अनेक स्थानों पर छापेमारी कर आरोपियों के कब्जे से 70 बोतल बीयर और 52.25 बोतल देशी शराब बरामद की है। रामपुरा थाना पुलिस टीम ने राजस्थान के जिला झुंझुनू गांव दुधवा निवासी आरोपी तेजपाल को 70 बोतल बियर सहित काबू किया है। वही दूसरे मामले में डहीना चौकी पुलिस टीम ने ाांव गोठड़ा टप्पा डहीना निवासी आरोपी पितराम को 13 बोतल देशी शराब सहित पकड़ा है। मॉडल टाउन थाना पुलिस टीम ने गांव कालाका निवासी आरोपी अंकित को 13 बोतल देशी शराब तथा सीआईए रेवाड़ी टीम ने मोहल्ला वैधवाडा निवासी आरोपी ताराचंद को 13.75 बोतल देशी शराब सहित काबू किया है। इनके अलावा भाड़ावास गेट पुलिस टीम ने मोहल्ला बास सिताबराय निवासी आरोपी हिमांशु को 12.50 बोतल देशी शराब सहित गिरफ्तार किया है।

### संस्था का धार्मिक कार्यक्रम रविवार को

**रेवाड़ी।** हमारा परिवार संस्था की ओर से 3 मई को पंजाबी धर्मशाला में प्रभु भक्ति का धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। संस्था के संयोजक दिनेश कपूर ने बताया कि स्कूल शिक्षा बोर्ड भिवानी हरियाणा के पूर्व प्रधान डा. वीपी यादव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि तथा नई दिशा युवा मंच के प्रधान एडवोकेट निशांत यादव विशिष्ट अतिथि रहेंगे। संस्था की ओर से गोक्रांति मिशन के प्रदेश संरक्षक प्रदीप , डांस एकेडमी के निदेशक प्रवीण ठाकुर, एचएसवीपी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामरतन यादव व ताइक्वांडों कोच रविकांत शर्मा का अभिनंदन किया जाएगा।

### आर्य समाज लुहाना का वार्षिक उत्सव आज से

**रेवाड़ी।** जिले के गांव लुहाना में आर्य समाज का दो दिवसीय वार्षिक उत्सव 2 व 3 मई को मनाया जाएगा। आर्य समाज के सामाजिक कार्यकर्ता एवं लेखक यशपाल आर्य ने बताया कि उत्सव में क्षेत्र के अलावा दूरदराज से आर्य संस्कृति से जुड़े विचारक, भजन उपदेशक तथा सामाजिक कार्यकर्ता भाग लेंगे। कार्यक्रम में आर्य विदुषी कलावती आर्या गणियार, कल्याणी आर्या हिसार, आचार्य दुष्यंत आगरा, महाशय धर्मपाल आर्य ईशरोधा, पंडित सुंदरलाल वैदिक सिरयानी, महाशय बंसीलाल आर्य कलवाड़ी, स्वामी सर्म्पणानंद महाराज दड़ौली, स्वामी सत्यमुनि, कर्ममुनि सौम्य मुनि, महात्मा यशदेव, डा. सुमन आर्या, सत्यव्रत शास्त्री, धर्मवीर यादव, जय सिंह भगत, बहादुर सिंह शास्त्री, सतीश आर्य, सुदेश आर्या व राजेंद्र सिंह आर्य शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि दोनों दिन प्रातः कालीन सत्र में हवन यज्ञ व विचार गोष्ठी तथा सायंकालीन सत्र में भजन उपदेश तथा प्रवचन होंगे।

### रेलगाड़ी की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

**कोसली।** नांगल पठानी व जाटूसाना स्टेशन के बीच एक व्यक्ति की रेलगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। सूचना के बाद चरखी दादरी जीआरपी पुलिस मौके पर पहुंची तथा मृतक के शव को पहचान के लिए चरखी दादरी अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। एलएचसी अनिता ने बताया कि मृतक की पहचान नहीं हो सकी है।

*सरकुलर रोड सहित अनेक मार्गों पर सड़कों पर खड़े किए जा रहे वाहन बढ़ा रहे परेशानी*

# अवैध पार्किंग से वाहनों की आवाजाही पर ब्रेक, बिगड़ रही ट्रैफिक व्यवस्था, निजी प्रतिष्ठानों का सड़कों पर कब्जा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

हरिभूमि सरोकार

शहर के सरकुलर रोड सहित मुख्य मार्गो व बाजार में अवैध पार्किंग सिरदर्द बनी हुई है। प्रशासन की ओर से लंबे समय से सड़कों पर व्यवस्था सुधरने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाए जा रहे है, जिससे शहर में व्यवस्था बिगड़ती जा रही है। शहर में पार्किंग के स्थान नहीं होने के कारण निजी प्रतिष्ठानों ने पूरी तरह सड़कों पर कब्जा किया हुआ है। नगर परिषद की ओर से शहर में पार्किंग बनाने की योजना अनेकों बार फेल हो चुकी है। वर्तमान में ब्रास मार्केट में ट्रांसपोटर्स ने अवैध पार्किंग बनाकर सरकारी जगह पर कब्जा कर लिया है। सब्जी मंडी में आने वाले लोगों के नाईवाली ओवरब्रिज पर घंटों तक वाहन खड़े रहते है। इसके अलावा मॉडल टाउन के हालत ज्यादा खराब हो चुकी है। कॉलोनी की मुख्य एंट्री पर खड़े वाहनों के कारण निकलना भी मुश्किल हो गया है, यहां तक की बाल भवन के पास व शिव चौक पर पूरे दिन वाहनों का जमावड़ा लगा रहता है। लोग बीच सड़क में वाहन खड़े करके जा रहे है।


रेवाड़ी। सरकुलर रोड पर वाहनों की अवैध पार्किंग। फोटो : हरिभूमि

**मॉडल टाउन की मुख्य एंट्री पर हालात खराब, बीच सड़क में अव्यवस्थित पार्किंग**


रेवाड़ी। शिव चौक पर बीच सड़क में खड़े वाहन। फोटो : हरिभूमि


रेवाड़ी। मॉडल टाउन में रास्ते में खड़ी की गई गाड़ी। फोटो : हरिभूमि

### बस स्टैंड की तरह नजर आता ब्रास मार्केट

*ब्रह्मगढ़ के सामने ब्रास मार्केट की जमीन पर टांसपोटर्स लंबे समय से अपना अस्थाई कब्जा जमाए हुए है। मार्केट में दिन-रात बड़ी संख्या में प्राइवेट बस और अन्य वाहन खड़े रहते हैं। अधिकांश बसें बड़े ट्रांसपोर्टरों की हैं, जो कंपनियों का स्टाफ उठाने और छोड़ने के बाद ब्रास मार्केट में खड़ी कर दी जाती हैं। हर समय कतार में बसों के खड़ा रहने से मार्केट बस स्टैंड बन गया है। प्रशासन की ओर से इन बसों को मार्केट से हटवाने की दिशा में कोई कदम नहीं उठाए जा रहे है।*

### नगर परिषद लंबे समय से नहीं बना पाई पार्किंग

शहर में वाहनों को खड़ा करने के लिए कही भी पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। नगर परिषद अधिकारियों की ओर से कई बार योजना बनाकर पार्किंग के लिए जगह भी चिन्हित की गई, लेकिन इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। मेन बाजार व नाईवाली सब्जीमंडी में आने वाले लोगों के लिए अपने वाहन खड़े करने के लिए पार्किंग की व्यवस्था नहीं है। बाजार में आने वाले लोग गोकल गेट चौकी से रेलवे रोड तक सड़क पर वाहन खड़ा करके चले जाते है, जिससे कई बार जाम की स्थिति बन जाती है।

### सड़कों पर बन चुकी अवैध पार्किंग

सरकुलर रोड पर अंबेडकर चौक, धारूहेड़ा चुंगी, रेलवे रोड, कानोड गेट, झज्जर चौक, ट्रामा सेंटर के पास सहित बावल रोड, नगर परिषद के पास, नाईवाली पुल व मेन बाजार में वाहन चालकों ने अवैध पार्किंग स्थल बना लिया है। इन जगहों पर एक वाहन जाता है तो दूसरा खड़ा हो जाता है। शहर में सबसे ज्यादा अव्यवस्था प्राइवेट अस्पतालों के बाहर देखी जा सकती है। ज्यादातर अस्पतालों के पास अपनी पार्किंग नहीं है। अस्पतालों में आने वाले स्टाफ व इलाज कराने वाले लोग सड़क पर अव्यवस्थित ढंग से वाहन खड़ा करने चले जाते है, जिससे यातायात व्यवस्था बिगड़ती जा रही है।

## युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में चार और आरोपी काबू


रेवाड़ी। पुलिस गिरफ्त में आरोपी। फोटो : हरिभूमि

*रेवाड़ी। धारूहेड़ा थाना पुलिस ने गत 21 जनवरी की रात्रि धारूहेड़ा के मोहल्ला रामनगर में एक युवक पर जानलेवा हमला करने के मामले में चार और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान पंजाबी मोहल्ला धारूहेड़ा निवासी विकास शर्मा उर्फ अलबाडी, गांव अलावलपुर निवासी जितेन्द्र उर्फ गोम, गांव महेश्वरी निवासी दिनेश उर्फ दिनू व गौरव चौधरी के रूप में हुई है। पुलिस ने इस मामले दो नाबालिग सहित चार आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। मोहल्ला रामनगर धारूहेड़ा निवासी देवेंद्र उर्फ दीपू ने अपनी शिकायत में बताया था कि गत 21 जनवरी की रात वह घर के बाहर गली में अपने दोस्त रोबिन से मिलने के लिए आया था। उसी दौरान गोरव चौधरी और दीनू जाट ने उसे फोन करके मिलने की बात कही। उसने इन लोगों को वहां पर आने के लिए कहा। दोनों दो गाड़ियों और बाइकों पर कई युवकों के साथ वहां आए और हथियार निकालकर उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। परिजन और आसपास के लोगों के आने पर सभी उसे मार-पीटकर भाग गए। पुलिस ने मामले में संलिप्त दो नाबालिग सहित चार आरोपी धारूहेड़ा निवासी लक्की व मोहल्ला आजाद नगर धारूहेड़ा निवासी उत्तम तिवारी को पहले गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने वीरवार को मामले में संलिप्त चार और आरोपियों को को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए दो दिन के रिमांड पर लिया है।*

### नए-नए कानून लाकर श्रमिकों के हकों को कुचलने के किए जा रहे प्रयासः जयपाल

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को मजदूर दिवस के अवसर पर रिटायर्ड कर्मचारी संगठन सहित अन्य कर्मचारी संगठनों की ओर से नेहरू पार्क में सभा का आयोजन किया। इस मौके पर जयपाल सिंह रिटायर्ड कर्मचारी नेता ने कहा कि मजदूरों ने एक लंबी लडाई लड़कर मजदूरों हकों को प्राप्त किया था, जिसमें 8 घंटे की ड्यूटी, अधिक ड्यूटी के बदले ओवरटाइम, साप्ताहिक अवकाश तथा मेडिकल व आवास जैसी सुविधाओं को प्राप्त किया था, जिसे आज के समय में नए-नए कानून लाकर श्रमिको के हकों को कुचलने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। मीटिंग में प्रस्ताव पारित किया गया कि मजदूरों के काम के घंटे नहीं बढ़ाए जाएं और मजदूर दिवस पर स्वैतनिक वेतन अवकाश घोषित किया जाए।

इसके अतिरिक्त सभी कर्मचारियों की पहले की भांति एलटीसी की सुविधा जारी रखी जाए। मीटिंग में बाबूलाल यादव राज्य प्रधान, देवेंद्र तिवाड़ी, बीर सिंह प्रधान, महादेव सिंह ढाणी कोलाना, महेंद्र सिंह यादव, महावीर माहला, भगवान सिंह, विद्यासागर व सूबे सिंह सहित अनेक रिटायर्ड व कार्यरत कर्मचारी मौजूद थे।

## अपने अधिकार क्षेत्र में मच्छरों से बचाव, नियंत्रण व रोकथाम के लिए प्रत्येक सप्ताह ड्राई-डे मनाएंः सीएमओ

- सीएमओ डा. नरेंद्र दहिया ने ली जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में जिला स्तरीय मलेरिया वर्किंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सिविल सर्जन डा. नरेंद्र दहिया ने की। इस मौके पर सीएमओ डा. दहिया ने विभागों के अधिकारियों को डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारियों से आमजन को बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलभराव एवं गंदगी से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे डेंगू व मलेरिया के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आसपास व घर के अंदर मच्छरों के पनपने के स्थान, जलभराव, गमले, पशु-पक्षियों के पानी पीने के पात्र और घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है।

### मच्छर का लार्वा मिलने पर चालान करें

डा. नरेंद्र दहिया ने कहा कि सभी विभागाध्यक्ष अपने अधीन कार्यालयों में नोडल अधिकारी नियुक्त करें और अपने अधिकार क्षेत्र में मच्छरों से बचाव, नियंत्रण व रोकथाम के लिए प्रत्येक सप्ताह ड्राई-डे मनाए और स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों की मच्छर रोधी एक्टिविटी में सहयोग करें। ग्रामीण क्षेत्र में फॉगिंग के लिए खंड विकास एवं पंचायत विभाग व शहरी क्षेत्र में नगर परिषद-नगर पालिका से संपर्क करें। शिक्षा विभाग बच्चों को मॉर्निंग असेम्बली में मच्छर जनित बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू व चिकनगुनिया से बचाव, रोकथाम व नियंत्रण के बारे में जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जहां भी मच्छर का लार्वा पाया जाता है, वहां एपीडेमिक एक्ट के तहत नोटिस देने के साथ चालान भी करें।


रेवाड़ी। लघु सचिवालय में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते सीएमओ। फोटो : हरिभूमि

### घरों के आसपास पानी एकत्रित न होने दें: सीएमओ

डा. नरेंद्र दहिया ने कहा कि आमजन को डेंगू व मलेरिया से बचाव के लिए सजग व सतर्क रहना चाहिए। डेंगू का एडीज मच्छर साफ पानी में ही पनपता है। उन्होंने आमजन से आह्वान किया कि वे अपने घरों के आसपास पानी एकत्रित न होने दें व घरों में पानी के पात्रों को ढककर रखें। उन्होंने कहा कि मच्छरों से बचने के लिए पूरे कपड़े पहने एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी डा. जोगेन्द्र सिंह तंवर सहित अनेक विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

**डाइट हुसैनपुर में चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला का समापन**

## छात्रों के सामने रोल मॉडल की तरह प्रस्तुत करें अध्यापकः डीईओ

- अध्यापक का व्यक्तित्व अनुकरणीय ही नहीं, बहुआयामी होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिला शिक्ष अधिकारी विजेन्द्र हुड्डा ने कहा कि छात्रों को पढ़ने के लिए तैयार करना व उसकी सीखने की समझ को विकसित करना ही अध्यापक की जिम्मेदारी है। अध्यापक को छात्रों के सामने अपने आपको रोल मॉडल की तरह प्रस्तुत करना चाहिए। अध्यापक का व्यक्तित्व अनुकरणीय ही नहीं, बहुआयामी होना चाहिए। सभी अध्यापक कार्य शैली से छात्रों के जीवन में व्यावहारिक बदलाव लाएं। डीईओ शुक्रवार को संस्कृत स्तोत्र एवं प्रशिक्षण केंद्र नई दिल्ली के सांस्कृतिक मंत्रालय की ओर से डाइट हुसैनपुर में थिएटर इन एजुकेशन विषय पर चल रही पांच दिवसीय कार्यशाला के समापन पर शिक्षकों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर कार्यशाला के संयोजक एवं जिला संसाधन व्यक्ति अनिल यादव ने बताया कि कार्यशाला का आयोजन सीसीआरटी के निदेशक राजीव कुमार व उपनिदेशक आशुतोष शर्मा के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर उप निदेशक ने कहा कि सीसीआरटी का मुख्य उद्देश्य छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है, जिसको लेकर सीसीआरटी अपने पांचो रीजनल सेंटर दिल्ली, उदयपुर, हैदराबाद, गुवाहाटी व दमोह में वर्ष भर विभिन्न प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करती रहती है।



रेवाड़ी। कार्यशाला के समापन पर मौजूद शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### कार्यशाला में 155 अध्यापकों व प्राध्यापकों ने भाग लिया

कार्यशाला में जिले के 155 अध्यापकों व प्राध्यापकों ने भाग लिया। अध्यापकों से स्टोरी टेलिंग ए पेडगॉजिकल टूल, चेहरे के हाव-भाव, नवरस, शारीरिक भाषा पाठ्यक्रम से स्क्रिप्ट राइटिंग, इंप्रोवाइजेशन टेक्निक्स इन क्लास, रोल प्ले सिमुलेशन फॉर टीचिंग सब्जेक्ट, थिएटर बेस लेसन प्लान, फोरम थियेटर, मीम एंड माइम, स्टोरी टेलिंग एज ए पेडगॉजी, आइस ब्रेकर्स हरियाणवी लोक थिएटर सॉन्ग, किस्सा गोई और रागनी आदि विषयों पर क्रियाकलापों पर आधारित गतिविधियां कराई गई। सुनीता, ललित कुमार, निशा कुमारी, नित्यानंद व राहुल यादव ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए कार्यशाला को लाभदायक बताया। कार्यशाला में डा. जूलिया सिद्धार्थ वानखेडे, हिम्मत सिंह नेगी, सीमा वाही मुखर्जी, मुस्कान, फरमान, सत्यवीर नाहड़यि, सुधीर यादव, दीपक कुमार व अनिल यादव ने भी प्रतिभागियों से चर्चा की। सीसीआरटी समन्वयक विनोद कुमार, कोमल व तरुण ने कार्यशाला में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। डाइट से दीपक कुमार व डा. नरेंद्र कुमार ने कार्यशाला में योगदान दिया। डा. नीरेन पाल ने सभी प्रतिभागियों का आभार जताया।

### प्राचीन शिव मंदिर में गुरु गोरखनाथ का प्रकट दिवस मनाया

**कोसली।** गांव सुरेहली के झाल मोड़ स्थित प्राचीन शिव मंदिर में गुरु गोरखनाथ का प्रकट दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत हवन के साथ की गई, जिसमें क्षेत्र के अनेक श्रद्धालुओं ने भाग लिया। हवन के उपरांत मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया तथा पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर मंदिर के महंत दयानंद नाथ ने कहा कि गुरु गोरखनाथ का जीवन समाज को आध्यात्मिकता, सेवा और अनुशासन का संदेश देता है। हमें उन बताए मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव लाना चाहिए। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण को भी आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। इस मौके पर यादराम, सौरभ, सत्यनारायण, सतीश जोगी, सतपाल, बंशीलाल, हरविंद्र, शुभम, जोगी राव, लक्की, विजय, हेमंत, पवन व राहुल आदि सहित काफी संख्या में महिलाए भी मौजूद रही।

# राजा शिवाजी में निभाया है जीवा माहाला का किरदार

शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित फिल्म राजा शिवाजी रिलीज हुई। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक खास किरदार निभाया है? यह किरदार फिल्म में बहुत ही महत्वपूर्ण है, इसके बिना फिल्म बनाना मुमकिन नहीं था। सलमान खान ने मराठी फिल्म राजा शिवाजी में एक अहम किरदार निभाया है। यह फिल्म हिंदी में भी रिलीज हुई है।

एजेंसी ▶▶| मुंबई

सलमान खान के किरदार से अब पर्दा उठ चुका है। सलमान खान ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में उनका लुक भी शानदार है। वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज की सेना में एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था। फिल्म राजा शिवाजी में रितेश देशमुख और सलमान खान के अलावा कई और बॉलीवुड एक्टर्स भी अहम किरदारों में नजर आए हैं। इस फिल्म में संजय दत्त, अभिषेक बच्चन, महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री, फरदीन खान, अमोल गुप्ते, विद्या बालन, बोमन ईरानी जैसे कई एक्टर्स भी शामिल हैं। रितेश देशमुख ने फिल्म 'राजा शिवाजी' में छत्रपति शिवाजी महाराज का किरदार निभाया है। यह फिल्म भारत के महानतम योद्धा और राजा छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। कैसे उन्होंने मुगलों से लोहा लिया और 'स्वराज्य' की नींव रखी। फिल्म में कमाल के एक्शन सीन्स हैं, साथ ही वीएफएक्स का भी अच्छा इस्तेमाल किया गया है। शुक्रवार को सिनेमाघरों में रितेश देशमुख अभिनीत और निर्देशित मराठी फिल्म राजा शिवाजी भी रिलीज हुई। राजा शिवाजी का हिंदी वर्जन भी सिनेमाघरों में दर्शकों का मनोरंजन रहा है। छत्रपति शिवाजी महाराज के शौर्य और स्वराज्य हासिल करने की अमर गाथा को फिल्म 'राजा शिवाजी' में दिखाया है। फिल्म में रितेश देशमुख मराठा सम्राट शिवाजी की भूमिका में हैं। फिल्म को लेकर रिलीज से पहले सोशल मीडिया पर अच्छा खासा क्रेज देखा गया। सैकनिल्क के अनुसार फिल्म 'राजा शिवाजी' ने पहले दिन अच्छी शुरुआत की है। पहले दिन ही यह फिल्म 5.34 करोड़ की कमाई करने में कामयाब रही है। इस कमाई में मराठी और हिंदी दोनों वर्जन की कमाई शामिल है। राजा शिवाजी के मराठी वर्जन ने 4.05 कमाए तो हिंदी वर्जन ने 1.29 करोड़ रुपए अपने खाते में जमा किए हैं। इस फिल्म में सलमान खान ने भी एक कैमियो किया है। उनके किरदार की चर्चा सोशल मीडिया पर खूब हो रही है। सलमान खान ने फिल्म राजा शिवाजी में जीवा माहाला (जीवाजी महाले) का किरदार निभाया है। फिल्म में वह एक बलशाली योद्धा के रूप में नजर आ रहे हैं। जीवा माहाला छत्रपति शिवाजी महाराज के एक वफादार अंगरक्षक और खास योद्धा थे। उन्होंने एक बार शिवाजी महाराज का जीवन बचाया था।



## हॉलीवुड मसाला




# द डेविल वियर्स प्राडा 2 में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** एक्ट्रेस स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह एक खास डबल स्टार सेरेमनी रही, जो लॉस एंजेलिस में आयोजित की गई। हॉलीवुड फिल्म 'द डेविल वियर्स प्राडा 2' एक मई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। रिलीज के बाद से ही फिल्म सुर्खियों में थी। फिल्म में स्टेनली टुकी, ऐनी हैथवे और एमिली ब्लंट अहम किरदारों में नजर आईं हैं। फिल्म रिलीज के बाद स्टेनली टुकी और एमिली ब्लंट को हॉलीवुड वॉक ऑफ फेम पर स्टार से सम्मानित किया गया है। यह स्टार उन कलाकारों को दिया जाता है जिन्होंने फिल्मों, टीवी, रेडियो, म्यूजिक या थिएटर में बेहतरीन काम किया हो। इस लिस्ट में पहले भी हैरिसन फोर्ड, मैरिलिन मुनरो, माइकल जैक्सन, टॉम हैंक्स और ड्वेन जॉनसन जैसे बड़े नाम शामिल हैं।



# सिक्योरिटी ने ऑस्कर अवॉर्ड को समझा हथियार

**लॉस एंजिल्स।** रूस के फिल्ममेकर पाशा तलांकिन ने इस साल बेस्ट फीचर डॉक्यूमेंट्री का अवॉर्ड जीता था। उन्हें मिस्टर नोबडी अगेंस्ट पुतिन के लिए ऑस्कर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था, लेकिन हाल ही में एक अजीब और चौंकाने वाली घटना हुई। उन्हें न्यूयॉर्क के जेएफके एयरपोर्ट पर सिक्योरिटी ने अवॉर्ड के साथ फ्लाइट में चढ़ने नहीं दिया। बताया गया कि सिक्योरिटी अधिकारियों ने ऑस्कर ट्रॉफी को हथियार समझ लिया। यह ट्रॉफी करीब 3.8 किलो की होती है। तलांकिन ने कहा कि वह मार्च में अवॉर्ड जीतने के बाद कई बार फ्लाइट में इसे साथ ले जा चुके हैं, लेकिन पहले कभी कोई समस्या नहीं हुई। उन्होंने कहा कि उन्हें समझ नहीं आया कि आखिर ऑस्कर को हथियार कैसे माना जा सकता है। एयरलाइन के एक कर्मचारी ने मदद की कोशिश भी की, लेकिन सिक्योरिटी ने कोई भी बात मानने से इनकार कर दिया। आखिरकार, मजबूरी में तलांकिन को अपनी ट्रॉफी कार्गो में भेजनी पड़ी। एयरलाइन स्टाफ ने इसे बॉक्स में पैक कर भेजा, लेकिन जब वह जर्मनी के फ्रैंकफर्ट पहुंचे, तो उनका ऑस्कर वहां नहीं मिला।



# प्रेगनेंसी के बीच शुरू की किंग की शूटिंग

**मुंबई।** दीपिका पादुकोण ने हाल ही में अपनी दूसरी प्रेगनेंसी की पुष्टि की है। प्रेगनेंसी के दौरान भी दीपिका अपनी आने वाली फिल्मों की शूटिंग जारी रखने वाली हैं। बहरहाल, इन दिनों दीपिका अभिनेता शाहरुख के साथ फिल्म 'किंग' की शूटिंग साउथ अफ्रीका में कर रही हैं, जिसकी तस्वीरें सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रही हैं। अभी दीपिका पादुकोण साउथ अफ्रीका के केप टाउन में शाहरुख खान के साथ अपनी आगामी फिल्म 'किंग' की शूटिंग कर रही हैं। इस फिल्म का निर्देशन सिद्धार्थ आनंद कर रहे हैं। शूटिंग के दौरान की कई तस्वीरें और वीडियो लीक होकर सोशल मीडिया पर वायरल हो गई हैं, जिसे फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। इन तस्वीरों में दीपिका और शाहरुख दोनों हाथ में हाथ डालकर एक गाने की शूटिंग करते दिख रहे हैं।



# बच्चों की परवरिश मिलकर करेंगे

**नई दिल्ली।** 'ये जवानी है दीवानी' फेम एक्ट्रेस एवलिन शर्मा के चाहने वालों के लिए एक दुखभरी खबर है। जर्मनी में पैदा हुई एक्ट्रेस ने शादी के 5 साल बाद पति से अलग होने लेने का फैसला किया है। 39 साल की एवलिन दो बच्चों की मां भी हैं। एक्ट्रेस ने साल 2021 में डेंटल सर्जन और एंटरप्रेन्योर तुषान भिंडी से शादी की थी। एक-दूसरे का सम्मान करते हुए दोनों ने आपसी सहमति से अलग होने का फैसला किया है। जबकि आगे वह साथ मिलकर अपने बच्चों की परवरिश करेंगे। रणबीर कपूर और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'ये जवानी है दीवानी' में लारा के रोल में सुर्खियां बटोरने वाली एवलिन ने पति से अलग होने की पुष्टि की है। हम अलग हो रहे हैं, लेकिन अपने बच्चों की मिलकर परवरिश करने पर पूरी तरह से ध्यान दे रहे हैं। यह अलगाव जितना हो सके, उतना सौहार्दपूर्ण है।

## टीवी मसाला




# पलक-राशि की सीरीज लुक्खे का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** पलक तिवारी और राशि खन्ना की नई सीरीज 'लुक्खे' का ट्रेलर रिलीज होते ही छा गया है। सीरीज में शिवांकित सिंह परिहार भी हैं, जो टीवीएफ की कई सीरीज का हिस्सा रह चुके हैं। श्वेता तिवारी की बेटी और एक्ट्रेस पलक तिवारी पिछली बार सलमान खान स्टारर 'किसी का भाई किसी की जान' में नजर आई थीं, और अब उनकी सीरीज 'लुक्खे' आ रही है। हाल ही इसका ट्रेलर रिलीज किया गया, जो दमदार है। सीरीज में रैपर-सॉन्गराइटर किंग के अलावा राशि खन्ना,लक्ष्वीर सरन, शिवांकित सिंह परिहार और नकुल रोशन सहदेव जैसे कलाकार भी हैं। ट्रेलर काफी ग्रिपिंग है और फैंस के बीच चर्चा बटोर रहा है। इस सीरीज के जरिए पलक तिवारी ओटीटी की दुनिया में कदम रख रही हैं। सीरीज 'लुक्खे' के ट्रेलर की शुरुआत एक आवाज से होती है- म्यूजिक से फेम मिलेगा, ड्रग्स से पैसा और पावर, फिर देखना ये सिस्टम भी हमें टच नहीं कर पाएगा। जिसका नाम है, वो ही बदनाम है, और जो बदनाम है, आज उसी का नाम होगा।...फिर एंट्री होती है रैपर किंग की...इसके बाद पंजाब के अंडरग्राउंड रैप की दुनिया, जुर्म और दो रैपर्स के बीच तगड़ी रायवलरी दिखाई जाती है, जो धीरे-धीरे एक हिंसक प्रतिशोध में बदल जाती है। 'लुक्खे' की कहानी लक्षवीर सिंह सरन नाम के एक युवा खिलाड़ी के इर्द-गिर्द घूमती है, जो ड्रग सिंडिकेट का पर्दाफाश करने के मकसद से पंजाब के खतरनाक अंडरग्राउंड रैप की दुनिया में एंट्री करता है।

## फलक ने वीडियो डिलीट कर दी सफाई

**नई दिल्ली।** हाल ही 'आशिकी' स्टार राहुल रॉय ने एक कंटेंट क्रिएटर के साथ कुछ रील्स बनाई थीं, जिनके कारण उनका खूब मजाक उड़ाया गया। लोग इसे उनका 'डाउनफॉल' बताने लगे थे। टीवी एक्ट्रेस फलक नाज ने भी राहुल रॉय का मजाक उड़ाया था और एक्टर की रील अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर की थी। हालांकि, बाद में फलक ने वह रील डिलीट कर दी और अब राहुल रॉय का मजाक उड़ाने पर सफाई दी है। साथ ही एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री के लोगों से राहुल रॉय का काम देने की अपील की। फलक नाज ने इस बात पर शर्मिंदगी जाहिर की कि उन्होंने राहुल रॉय की स्थिति और मजबूरी जाने बिना उनका मजाक उड़ाया। फलक ने कहा कि ऐसा कल को किसी के भी साथ हो सकता है, इसलिए उन्हें स्थिति समझ आई तो तुरंत वीडियो डिलीट कर दिया। फलक ने अब इंस्टाग्राम पर वीडियो शेयर कर सफाई दी है। फलक नाज ने वीडियो में कहा, 'कल मैंने एक वीडियो बनाई थी, एक रील मैंने डाली थी, जिसमें राहुल रॉय सर थे। मुझे पहले वीडियो देखकर लगा कि उन्होंने अपनी मर्जी से ऐसा किया है। लेकिन, शाम होते-होते मुझे पता चला कि वो जिंदगी में बहुत सी चीजों से जूझ रहे हैं। उनके फाइनेंशियल क्राइसिस चल रहे हैं। उन्हें हेल्थ इशूज चल रहे हैं।



# करीना ने शेयर की वेकेशन की तस्वीरें तैमूर और जेह की दिखी प्यारी झलक



**मुंबई।** करीना कपूर खान ने अपने वेकेशन के दौरान की शानदार तस्वीर शेयर की है। इस तस्वीर में तैमूर और जेह की प्यारी झलक देखकर फैंस बेहद खुश हैं। बॉलीवुड अभिनेत्री करीना कपूर खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'दायरा' को लेकर सुर्खियों में बनी हुई हैं। इसी बीच करीना ने अपने दोनों बेटों तैमूर अली खान और जेह अली खान के साथ परिवार की खुशी के पल साझा किए हैं। करीना ने अपने सोशल मीडिया पर एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा 'पुराने जमाने की सुबह। दूसरी स्टोरी में उन्होंने लिखा 'गुड मॉर्निंग'। पहली तस्वीर में एक सुंदर गलियारा दिख रहा है, जिसमें सफेद खंभे, पुरानी स्टाइल की कुर्सियां नजर आ रही हैं। यह देखने में बहुत शानदार और राजसी लग रहा है। दूसरी तस्वीर में तैमूर और जेह खुले आंगन में एक साथ खड़े होकर सुबह का मजा ले रहे हैं। करीना कपूर और सैफ अली खान ने 16 अक्तूबर 2012 को मुंबई में एक निजी समारोह में शादी की थी। 5 साल तक डेटिंग और लिव-इन रिलेशनशिप में रहने के बाद, इस कपल ने शादी का फैसला किया। करीना और सैफ के दो बेटे हैं- तैमूर और जहांगीर। बड़े बेटे तैमूर अली खान का जन्म दिसंबर 2016 में हुआ था। छोटा बेटे जहांगीर अली खान (जेह) का जन्म फरवरी 2021 में हुआ था। करीना कपूर खान अब फिल्म 'दायरा' में नजर आएंगी। इस फिल्म में उनके साथ और पृथ्वीराज सुकुमारन की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

# 3 फिल्मों के बीच होगा महा क्लैश

**नई दिल्ली।** साल 2026 का पहले क्वार्टर का सफर समाप्त हो गया है और अप्रैल से दूसरे क्वार्टर का दौर शुरू हो गया है, जो अप्रैल से लेकर जून तक चलेगा। जल्द ही अप्रैल समाप्त होगा और मई-जून आएगा। साल के सेकेंड क्वार्टर का फैंस बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। क्योंकि, जून 2026 में कई शानदार फिल्में रिलीज की जानी है। इस मामले में तीन मूवीज ऐसी हैं, जिनके बीच बॉक्स ऑफिस पर भिड़ंत देखने को मिलेगी।

### पेड्डी

इस लिस्ट में पहला नाम साउथ सुपरस्टार राम चरण चरण की मोस्ट अवेटेड मूवी पेड्डी का शामिल हो रहा है। एक्शन और स्पोर्ट्स ड्रामा थ्रिलर के तौर पर हर कोई पेड्डी की रिलीज का इंतजार कर रहा है। पहले ये फिल्म 30 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी, लेकिन हाल ही में इसकी रिलीज डेट में बदलाव किया गया है और अब राम चरण की ये मूवी 25 जून को सिनेमाघरों में एंट्री मारेगी।

**जून में दिखेगा बॉलीवुड और साउथ का संग्राम**




### वेलकम टू द जंगल

करीब 3 साल से अक्षय कुमार स्टारर कॉमेडी फिल्म वेलकम टू द जंगल रिलीज की राह देख रही है। मल्टी स्टारर इस मूवी का डायरेक्शन अहमद खान ने किया है। गौर करें वेलकम टू द जंगल की रिलीज डेट की तरफ तो इसे 26 जून को दुनियाभर के थिएटर्स में प्रदर्शित किया जाएगा। अक्षय के अलावा इस मूवी में सुनील शेट्टी, परेश रावल, संजय दत्त, रवीना टंडन, जैकलीन फर्नांडिस, दिशा पाटनी और श्रेयस तलपडे जैसे कई कलाकार नजर आने वाले हैं।

### लेनिन

किस्मत जैसी शानदार साउथ मूवी से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता अखिल अक्कीनेनी को भला कौन भूल सकता है। अखिल की अगली फिल्म का नाम लेनिन है, जिसकी रिलीज डेट की घोषणा कुछ समय पहले ही की गई है। 26 जून को एक्शन थ्रिलर लेनिन बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। इस तरह से पेड्डी, वेलकम टू द जंगल और लेनिन जून के अंतिम दिनों बॉक्स ऑफिस पर आपस में टकराती हुई नजर आएंगी। ऐसे में ये देखना बड़ा ही दिलचस्प होगा कि इनमें से कौन सी मूवी कमाई के मामले में अव्वल निकलेगी।

## इस वीकएंड जमेगा खूब रंग, घर बैठे होगा भरपूर मनोरंजन

# ओटीटी पर देखने को मिलेंगी ये मजेदार सीरीज और फिल्में

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

शुक्रवार 01 मई को हिंदी और साउथ की कई चर्चित फिल्मों ने दस्तक दी है। सिनेमाघर जाने का भरपूर मौका है। मगर, वीकएंड पर घर बैठे कुछ देखने का मन है, तो यहां भी पिटारे में बहुत कुछ है। सिनेमाघरों में धुरंधर 2 और भूत बंगला के बाद शुक्रवार को कई और फिल्में लग गई हैं। जुनैद खान और साई पल्लवी की 'एक दिन' है, तो कारा, केडी, राजा शिवाजी और पैट्रियट जैसी फिल्मों के भी विकल्प हैं। इसी के साथ घर बैठे भी इस बार आपका भरपूर मनोरंजन होगा। कई चर्चित फिल्मों और सीरीज ने ओटीटी पर दस्तक दी है।

### द केरल स्टोरी 2

सिनेमाघरों के बाद फिल्म द केरल स्टोरी 2 भी अब ओटीटी पर आ चुकी है। शुक्रवार 01 मई से यह ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर स्ट्रीम हो रही है। इसमें उल्का गुप्ता, अदिति भाटिया और ऐश्वर्या ओझा जैसे सितारे हैं। बता दें कि फिल्म का पहला पार्ट काफी हिट रहा था, जिसमें अदा शर्मा ने लीड भूमिका निभाई थी।

### बैचमेट्स

यह एक तेलुगु वेब सीरीज है, जो इंजीनियरिंग के चार छात्रों पर आधारित है। इसमें कॉलेज लाइफ, रैगिंग के अलावा छात्र जीवन के कई अन्य पहलुओं को दिखाया जाएगा। इसे 30 अप्रैल को यह जियोहॉटस्टार पर रिलीज हुई।




### अनदेखी सीजन 4, आडु 3

*सीरीज अनदेखी सीजन 4 शुक्रवार 01 मई को सोनी लिव पर रिलीज हुई है। इसमें हर्ष छाया और सूर्य शर्मा लीड रोल में हैं। यह क्राइम थ्रिलर सीरीज है। इसके अलावा आडु 3 भी है, जो कि एक मलयालम भाषा की फिल्म है। इसमें जयसूर्या, विजय बाबू और सनी वेन हैं। यह कॉमेडी फैंटेसी फिल्म है।*

### माय डियरेस्ट सेनोरीटा

*यह एक स्पेनिश फिल्म है। यह 17 अप्रैल को स्पेन में रिलीज हुई। अब इसे दर्शक ओटीटी पर भी देख सकते हैं। इसका निर्देशन फर्नांडो जी. मोलिना ने किया है। यह फिल्म 1972 में इसी नाम से बनी फिल्म पर आधारित है। फिल्म कहानी एक पारंपरिक रुढ़िवादी परिवार में जन्मी इकलौती संतान एडेला पर आधारित है। शुक्रवार 01 मई को यह नेटफ्लिक्स पर रिलीज हुई है।*

### ग्लोरी

अगर आपको स्पोर्ट्स पर आधारित कंटेंट पसंद है तो इस वेब सीरीज को वीकएंड पर देख सकते हैं। इसमें पुलकित सम्राट, दिव्येंदु, सुविंदर विक्की, जन्नत जुबैर, सयानी गुप्ता और आशुतोष राणा अहम भूमिकाओं में हैं। सीरीज आज 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। यह क्राइम ड्रामा सीरीज बॉक्सिंग की पृष्ठभूमि पर आधारित है। इसका निर्देशन करण अंशुमन और कनिष्क वर्मा ने किया है।

### स्वैप्ड

यह एक अमेरिकी एनिमेटिड कॉमेडी फिल्म है। वीकएंड पर अगर बच्चों के साथ कुछ बढ़िया देखने का मन है तो इस फिल्म को अपनी लिस्ट में जोड़ सकते हैं। इसका निर्देशन नाथन ग्रेनो ने किया है। स्काईडांस एनिमेशन द्वारा निर्मित इस फिल्म में माइकल बी जॉर्डन, जूनो टेम्पल, ट्रेसी मॉर्गन, सेड्रिक द एंटरटेनर और जस्टिना मचाडो ने अपनी आवाजें दी हैं। यह शुक्रवार को नेटफ्लिक्स पर रिलीज हो चुकी है।

### राकासा

हॉरर के शौकीन इस फिल्म को देख सकते हैं। संगीत शोभन और नयन सारिका अभिनीत तेलुगु फिल्म राकासा 03 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और खूब तारीफ बटोरीं। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छा प्रदर्शन किया। इसका निर्देशन मानसा शर्मा ने किया। अब यह 1 मई से नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम हो रही है। फिल्म तमिल, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषाओं में उपलब्ध है।

## खबर संक्षेप

### बिना भय मताधिकार का करें प्रयोग

**रेवाड़ी।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अभिषेक मीणा ने बताया कि जिले में नगर परिषद रेवाड़ी व नगर पालिका धारूहेड़ा के आम चुनाव और पंचायती राज संस्थाओं का उप चुनाव को लेकर 10 मई को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह 8 बजे से शाम 6 बजे तक किया जाएगा। यदि आवश्यकता हुई तो 12 मई को पुनर्मतदान कराया जाएगा। डीसी ने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 10 मई को आयोजित होने वाले चुनावों में प्रत्येक मतदाता अपने संबंधित बूथ पर पहुंच कर मतदान जरूर करें। उन्होंने कहा कि एक-एक मत लोकतंत्र की मजबूती तथा अपने क्षेत्र के विकास की दिशा तय करता है।

### बिहाली में पक्षियों के लिए लगाए पानी के सकोरे

**मंडी अटेली।** अटेली क्षेत्र के गांव बिहाली में भीषण गर्मी को देखते हुए बेजुबान पक्षियों के लिए सराहनीय पहल की गई। प्रजापति महासभा के सचिव एवं जिला प्रधान विजय सिंह प्रजापति के मार्गदर्शन में कायशा मार्ग स्थित करतार फार्म के आसपास विभिन्न स्थानों पर पानी के सकोरे रखे गए ताकि पक्षियों को गर्मी में राहत मिल सके। प्रजापति ने कहा कि चिलचिलाती धूप में इंसानों के साथ-साथ पक्षियों को भी पानी की सख्त जरूरत होती है। ऐसे में हमें अपने घरों की छतों के अलावा दूर-दराज के स्थानों पर भी, जहां तक संभव हो सके, पानी और दाना रखना चाहिए।

### प्री-प्लेसमेंट जॉब फेयर का आयोजन पांच को

**नारनौल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में 5 मई को प्री-प्लेसमेंट जॉब फेयर का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के प्रधानाचार्य विनोद खनगवाल ने बताया कि यह जॉब फेयर मुख्य रूप से संस्थान के अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए आयोजित किया जा रहा है, जो अब परीक्षा दे रहे हैं। साथ ही पास आउट हो चुके छात्र भी इस रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी सुनील यादव ने बताया कि विभाग द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के जॉब फेयर का आयोजन किया जाता है ताकि छात्रों को रोजगार के बेहतर अवसर मिल सकें।

---

*पार्टी विरोधी गतिविधियों के तहत जिलाध्यक्ष का बड़ा कदम, कुछ और पर भी जल्द गिर सकती है गाज*

# सीएम के आगमन से पहले 15 को दिखाया बाहर का रास्ता, दो निवर्तमान चेयरमैन भी किए निष्कासित

नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी

नगर परिषद और धारूहेड़ा नगर पालिका चुनावों में प्रचार के लिए सीएम नायब सिंह सैनी 2 मई को शहर में आ रहे हैं। इससे ठीक पहले भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली ने पार्टी विरोधी गतिविधियों के आरोप में दो निवर्तमान चेयरमैन सहित 15 लोगों को बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन्हें पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।

■ पार्टी से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया

ऐसे कुछ अन्य सदस्यों और पदाधिकारियों को भी बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है। डा. वंदना पोपली की ओर से जारी किए गए पत्र के अनुसार धारूहेड़ा से निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे निवर्तमान चेयरमैन कंवर सिंह यादव और नगर परिषद की निर्वतमान चेयरमैन पूनम यादव और उनके पति बलजीत यादव को पार्टी से बाहर का रास्ता दिया गया है। इनके साथ-साथ पार्टी ने अंजली शर्मा, पूनम सतीजा, मनीष सैनी, राकेश बड़ीवाल, अनुराधा शर्मा, योगेश शर्मा,भवानी शंकर, बलवन्त राय कौशिक, नवीन सैनी, सुधीर स्वामी, मनीष टिकानिया व अमृतकला टिकानिया को भी भाजपा से 6 साल के लिए निष्कासित किया गया है।







### कार्रवाई से भाजपाइयों में हड़कंप मच गया

चुनाव से पहले ही बगावत करने वालों के खिलाफ पार्टी की इस कार्रवाई से भाजपाइयों में हड़कंप सा मच गया है। पार्टी अपने प्रत्याशियों के खिलाफ भीतरघात की तैयार कर रहे कुछ अन्य चेहरों के खिलाफ भी सख्त एक्शन ले सकती है। कंवर सिंह निर्दलीय लड़ रहे चुनावधारूहेड़ा नगर पालिका चुनाव में वर्ष 2020 में निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव जीतने वाले कंवर सिंह यादव बाद में राव इंद्रजीत सिंह की शरण में चले गए थे। उन्होंने इस बार टिकट के लिए दावेदारी जताई थी, परंतु राव ने उन्हें टिकट नहीं दिलाई। कंवर सिंह ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में एक बार फिर से चुनाव लड़ने का निर्णय लिया, जिस कारण उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया है। बलजीत भाभी कर रहे भाभी की मदद निवर्तमान चेयरमैन पूनम यादव और उनके पति बलजीत अपनी भाभी शर्मिला की मदद करते हुए पार्टी प्रत्याशी को वार्ड में नुकसान पहुंचाने का कार्य कर रहे हैं। बलजीत ने पहले खुद चुनाव लड़ने का मन बनाया था। बाद में उन्होंने भाजपा प्रत्याशी के खिलाफ अपनी भाभी को चुनाव मैदान में उतार दिया। इसके बाद पार्टी की ओर से यह कदम उठाया गया है।

---

# कोसली क्षेत्र में जनगणना का कार्य शुरू, 210 एन्यूमरेटर करेंगे गणना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली

कोसली उपमंडल में शुक्रवार से जनगणना का कार्य आरंभ कर दिया गया है, जिसके लिए उपमंडल को रिहायशी क्षेत्र की दृष्टि से 210 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। जनगणना की प्रभारी अधिकारी एवं नायब तहसीलदार नेहा यादव ने बताया कि गहन प्रशिक्षण के बाद कर्मचारियों को जनगणना के लिए फील्ड में भेज दिया गया है। जनगणना के प्रथम चरण में केवल मकानों की गणना की जाएगी, जिसमें परिवार की जीवनशैली का आकलन किया जाएगा। इस कार्य का आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक खाता या बीपीएल सूची से कोई लिंक नहीं है। जनगणना अधिनियम 1948 के अनुसार इस पूरे डाटा को गोपनीय रखा जाता है। इसके आधार पर केवल भारत सरकार की नई जन कल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाएं तैयार की जाती हैं तथा पुरानी योजनाओं में सुधार कराया जाता है। कोसली उपमंडल में 210 एन्यूमरेटर यानि गणनाकार घरों की गणना व डाटा अपलोड करने का काम करेंगे।



नायब तहसीलदार नेहा यादव

---

## कच्चे कर्मियों को पक्का करने व शहीद फायर कर्मियों के आश्रितों को नौकरी देने की मांग

# मांगों को लेकर दो दिवसीय काम छोड़ हड़ताल पर रहे नपा कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

नगर पालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के आह्वान पर नगर पालिका कर्मचारी संघ इकाई द्वारा दो दिवसीय काम छोड़ हड़ताल की गई। हड़ताल की अध्यक्षता इकाई प्रधान भूपेंद्र सारवान ने की। आंदोलन में सर्व कर्मचारी संघ एवं नगरपालिका कर्मचारी संघ के कई पदाधिकारियों ने भाग लेकर कर्मचारियों की मांगों का समर्थन किया।

हड़ताल को संबोधित करते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य कैशियर महेंद्र सिंह, सर्व कर्मचारी संघ के नेता महेंद्र सिंह बोयत, जिला प्रधान कौशल यादव तथा नगरपालिका कर्मचारी संघ के जिला प्रधान राहुल सारवान ने कहा कि जब तक कच्चे कर्मचारियों को पक्का नहीं किया जाता और अग्निशमन विभाग के दिवंगत कर्मचारियों के परिवारों को न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

नेताओं ने कहा कि फायर विभाग के शहीद कर्मचारियों के आश्रितों को पक्की नौकरी तथा एक-एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी जानी चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि सरकार ने समय रहते मांगों पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारी नेताओं ने कहा कि प्रदेशभर में लंबे समय से कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी समस्याओं के समाधान की ओर गंभीरता नहीं दिखा रही।

उन्होंने आरोप लगाया कि कच्चे कर्मचारियों से नियमित कर्मचारियों की तरह काम लिया जा रहा है, लेकिन उन्हें स्थायी सुविधा और सुरक्षा नहीं दी जा रही।



**नारनौल।** नप सफाई कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते प्रधान राहुल सारवान। फोटो : हरिभूमि

### फायर कर्मी भी रहे मौजूद

हड़ताल में फायर विभाग इकाई प्रधान गुरदयाल सिंह सहित मनोज कुमार, रविकांत, प्रदीप कुमार, लीलाराम, महेंद्र गोयल, महेंद्र दायमा, जसवंत, आशु, निरंजन, भीम सिंह, रोशन, राजेश, विनोद, कमल, मंजू देवी, सुनीता देवी, कांता देवी सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों को जल्द पूरा करने की मांग उठाई।

---

*ठेका प्रथा के खिलाफ अटेली में बजा बिगुल*

## सफाई कर्मचारियों का बेमियादी धरना शुरू



**

***मंडी अटेली।** नगर पालिका क्षेत्र में सफाई कर्मचारियों ने अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। कर्मचारियों ने काम ठप कर ठेका प्रथा समाप्त करने, नियमित भर्ती और समान वेतन की मांग को लेकर रोष जताया। धरने के चलते शहर की सफाई व्यवस्था प्रभावित रही। धरने का नेतृत्व कर रहे ब्लॉक प्रधान मनीष कुमार ने कहा कि ठेकेदारी प्रथा के तहत कर्मचारियों से काम लेकर उनका आर्थिक, शारीरिक और मानसिक शोषण किया जा रहा है। वर्षों से सेवा देने के बावजूद स्थायी नौकरी और उचित वेतन नहीं मिल रहा। उन्होंने सरकार से तुरंत ठेका प्रथा खत्म कर नियमित भर्ती करने की मांग की। कर्मचारियों ने न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये प्रतिमाह तय करने, समान कार्य के लिए समान वेतन लागू करने और सभी सरकारी सुविधाएं देने की मांग उठाई। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगें पूरी नहीं होने पर आंदोलन को और तेज किया जाएगा। कर्मचारियों ने प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन भी सौंपा। धरने में मनोज कुमार, गीता, रामकिशन, राकेश, मंजू, उषा, लक्ष्मी, रेखा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कर्मचारियों ने साफ कहा कि मांगें पूरी होने तक धरना जारी रहेगा।*

---

*धरने पर बैठे कर्मचारियों ने की नारेबाजी*

## नगर पालिका सफाई कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल शुरू की



***महेंद्रगढ़।** नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर नगर पालिका के सफाई कर्मचारियों ने दो दिवसीय हड़ताल शुरू कर दी है। शुक्रवार को हड़ताल के पहले दिन कामकाज पूरी तरह ठप रहा। कर्मचारी नगर पालिका कार्यालय में धरने पर बैठ गए और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। नगर पालिका कर्मचारी संघ प्रधान पूर्ण कुमार ने बताया कि, यह हड़ताल एक और दो मई को प्रदेशभर के नगर निगमों, नगर पालिकाओं और नगर परिषदों में हो रही है। उन्होंने कहा कि कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने, न्यूनतम वेतन लागू करने और ठेका प्रथा समाप्त करने जैसी मांगों पर सरकार से कई दौर की बातचीत हो चुकी है, लेकिन कोई ठोस समाधान नहीं निकला। प्रधान ने बताया कि हाईकोर्ट भी कच्चे कर्मचारियों के पक्ष में फैसले दे चुका है। उन्होंने उल्लेख किया कि पूर्व में हाईकोर्ट ने 10 साल से कार्यरत कर्मचारियों को नियमित करने के निर्देश दिए थे, जबकि 2016 में सुप्रीम कोर्ट ने समान काम के लिए समान वेतन की बात कही थी। इसके बावजूद सरकार इन फैसलों को लागू नहीं कर रही है, जिसे उन्होंने कोर्ट के आदेशों की अवहेलना बताया। कर्मचारी नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रदेश भर की नगर पालिका, परिषद् व निगमों में हजारों पद खाली पड़े हैं, लेकिन नई भर्तियां नहीं की जा रही हैं। इससे मौजूदा कर्मचारियों पर काम का बोझ बढ़ रहा है और वे मानसिक दबाव का सामना कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगें जल्द पूरी नहीं हुईं तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा।*

### कर्मचारियों की प्रमुख मांगें

कच्चे, अनुबंधित और आउटसोर्स कर्मचारियों को पॉलिसी बनाकर पक्का किया जाए। समान काम के लिए समान वेतन और बकाया एरियर का भुगतान किया जाए। ठेका प्रथा खत्म कर कर्मचारियों को विभागीय रोल पर लिया जाए। सफाई और सीवर कर्मचारियों का न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपये किया जाए। सभी कर्मचारियों को कैशलेस मेडिकल सुविधा और अन्य भत्ते दिए जाए। खाली पदों पर स्थायी भर्ती और नए पद सृजित किए जाएं। फायर विभाग के मृत कर्मचारियों के परिवार को एक करोड़ मुआवजा और आश्रित को नौकरी दी जाए। पुरानी पेंशन बहाल की जाए, जोखिम भत्ते और अन्य सुविधाएं बढ़ाई जाएं।

---

# डीसी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त अनुपमा अंजली ने शुक्रवार स्थानीय ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर सुरक्षा प्रबंधों और अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उपायुक्त ने वेयरहाउस परिसर में बिजली, पानी और साफ-सफाई जैसी मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि परिसर में किसी भी प्रकार की तकनीकी या भौतिक खामी नहीं रहनी चाहिए।

■ सुरक्षा व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश

निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने सुरक्षा के लिहाज से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली को बारीकी से जांचा और कंट्रोल रूम का अवलोकन किया। उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा में तैनात पुलिस बल और अन्य सुरक्षा कर्मियों को हमेशा सतर्क रहने तथा परिसर में आवाजाही के दौरान सुरक्षा प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने के निर्देश दिए। इस निरीक्षण के अवसर पर मुख्यालय से ज्वाइंट सीईओ राजकुमार लोहान, तहसीलदार (चुनाव) सुरेंद्र सिंह और कानूनगो राजपाल तथा विभिन्न पार्टियों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



**नारनौल।** वेयरहाउस का निरीक्षण करती डीसी अनुपमा अंजली।

---

### रोहतक में करेंगे प्रदेश स्तरीय मीटिंग

**नांगल चौधरी।** हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ की जिला इकाई की ओर से अतिथि अध्यापकों के नियमितीकरण के मुद्दे को लेकर जिला प्रधान अमीलाल कसाना की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की। जिसमें अध्यापक संघ के प्रदेशाध्यक्ष मास्टर दिनेश यादव मुख्यरूप से मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षकों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की और हाल ही में आए सर्वोच्च न्यायालय तथा हाईकोर्ट के फैसले को तुरंत प्रभाव से लागू करने की गुहार लगाई है। उन्होंने कहा कि 29 अप्रेल पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा दिए गए फैसले में 16 एवं 18 जून 2014 की नियमितीकरण नीतियों को आधार मानते हुए अतिथि अध्यापकों को नियमित करने और उन्हें 2014 से सभी लाभ देने का आदेश दिया गया है। इससे पहले 17 अप्रेल को सर्वोच्च न्यायालय भी इन नीतियों को वैध ठहरा चुका है। बावजूद प्रदेश सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है।

---

## नेत्र चिकित्सा शिविर में 405 मरीजों का चेकअप, 85 के होंगे ऑपरेशन

**नांगल चौधरी।** गांव मेघोत हाला में दिवंगत संतोष देवी की स्मृति में नेत्र जांच एवं उपचार शिविर लगाया गया। जिसमें बहरोड़ में स्थित एक निजी अस्पताल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों को निशुल्क चेकअप व इलाज मुहैया कराया है। इस दौरान ग्रामीणों को आंखों की देखभाल करने की टिप्स दिए गए हैं। मानव जागृति मंच के प्रधान जगमाल सिंह ने बताया कि शारीरिक अंगों में आंखे महत्वपूर्ण पार्ट होती हैं, जिनके कमजोर या दृष्टीहीन होने पर दैनिक दिनचर्या पूरी करना संभव नहीं। बावजूद गांवों के लोग आंखों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं होते तथा छोटी-छोटी समस्याओं को इग्नोर करने की धारना बनी हुई है। परिणास्वरूप छोटी समस्या जल्द जटिल होने लगती है जिसके उपचार में लाखों खर्च करने के बावजूद राहत नहीं मिलती। इसलिए ग्रामीणों की सुविधा के लिए दिवंगत संतोष देवी की पांचवी स्मृति पर लगातार पांचवा नेत्र चिकित्सा शिविर लगाया गया है। कैंप में 405 मरीजों की आंखों का चेकअप किया गया, जिनमें 85 को मोतियाबिंद व अन्य बीमारी मिली है। सभी पीड़ितों का सात मई को अस्पताल में निशुल्क ऑपरेशन सुविधा दी जाएगी।



**नांगल चौधरी।** शिविर में मरीजों का चेकअप करते हुए डॉ बिरेंद्र सिंह।

---

## बुचियावाली आश्रम में हुआ मंदिर का भूमि पूजन



**महेंद्रगढ़।** डुलाना रोड स्थित आचार्य जयदेव जयसिंह महाराज की समाधि व भव्य मंदिर निर्माण की नीव पूजन पंडित राजन शर्मा व पंडित नौरंगलाल शर्मा द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोच्चारण के साथ जयसिंह महाराज की गद्दी की जिम्मेवारी संभाल रहे प्रधान सेवक भंवर सिंह द्वारा पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव, राजू शर्मा, धीरज यादव, प्रतापसिंह, देशराज रिवासा की मौजूदगी में किया। जयसिंह महाराज मार्गशीर्ष मास कृष्ण पक्ष एकादशी अनुसार 15 नवंबर 2025 को स्वर्गलोक में प्रभु चरणों में विलीन हो गए थे। उनकी समाधि व मंदिर निर्माण की नींव पूजन पर भंडारे का भी आयोजन हुआ। प्रधान सेवक भंवर सिंह थानेदार एवं समाजसेवी मुकेश चौहान ने बताया कि महाराज एक बहुत ही सिद्ध और पहुंचे हुए संत थे। उन्होने अपने पूरे जीवन काल में लोगों की भलाई और कल्याण के लिए काम किया। इस अवसर पर पूर्व मंत्री अभय सिंह यादव, विधायक कंवर सिंह, कॉआपरेटिव सोसाइटी चेयरमैन राजू शर्मा, प्रतापसिंह ढाणा, सत्यवीर चेयरमैन, श्रीचंद डुलाना, प्रधान नवीन राव, देशराज रिवासा, धीरज यादव डुलाना, धर्मवीर देवास, डॉ. धर्मेंद्र, प्रधान डॉ. वीरेंद्र, धर्मवीर चिकना, डॉ. जयप्रकाश, सतीश रिवासा, राजेश मास्टर, सांवत सिंह, जयपाल सचिव, सत्यपाल दुलोठ अहीर, सत्यनारायण रिवासा, कन्हैया लाल, रामनिवास पालडी, शीशपाल पायगा आदि उपस्थित रहे।

---





रेवाड़ी। समाधान शिविर में आई शिकायतों की समीक्षा करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

## आमजन की शिकायतों का तय समय में निवारण करे अधिकारी: डीसी

**रेवाड़ी।** डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि अधिकारी समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का निवारण तय समय सीमा में करते हुए समाधान प्रकोष्ठ पोर्टल पर एटीआर भी अपलोड करें। डीसी मीणा शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दे रहे थे। बैठक से पहले हरियाणा के नगर योजनाकार एवं शहरी संपदा के अतिरिक्त मुख्य सचिव अपूर्वा कुमार सिंह ने प्रदेश के सभी उपायुक्तों को वीसी के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीसी ने कहा कि जिन विभागों की शिकायतें लंबित हैं, अधिकारी उनका शीघ्र समाधान करें। इस अवसर पर एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम सुरेश कुमार व सीटीएम जितेंद्र कुमार सहित अन्य विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे।

---

### अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया

**कनीना।** नगर पालिका की ओर से शुक्रवार दोपहर बाद शहर में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस दौरान दुकानों के बाहर रखे सामान को ट्रैक्टर ट्राली में डालकर जब्त कर लिया गया। इस अभियान का नेतृत्व नपा सचिव कपिल कुमार ने किया। उन्होंने पुलिस बल को साथ लेकर शहर में दुकानदारों द्वारा दुकानों के बाहर रखे होल्डिंग बोर्ड, फ्लेक्स व अन्य सामान को जब्त किया। उन्होंने दुकानदारों से कहा कि बाजार में अतिक्रमण न करें ताकि शहर स्वच्छ और सुंदर दिखे। सचिव कपिल कुमार ने बताया कि सरकार के दिशा निर्देश अनुसार एक से 16 मई तक स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नई सोच नया शहर स्वच्छ हरियाणा अभियान का शुक्रवार से आरंभ किया है जो 16 मई तक चलेगा।

---

## नारनौल डिपो में 91 कनिष्ठ परिचालक, गुटबाजी से वरिष्ठ चालकों को करवाया जा रहा ओवरटाइम

# कनीना बस स्टैंड निर्माण का श्रेय महाप्रबंधक को देना गलत, स्वास्थ्य मंत्री ने बनवाया: रविंद्र छापड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

1004) की वीडियो कांफ्रेंस के जरिए बैठक हुई, जिसमें उन्होंने रोडवेज महाप्रबंधक पर झूठी जानकारी देकर गुमराह करने का आरोप लगाया। चेयरमैन रविंद्र छापड़ा ने बताया कि कनीना बस स्टैंड निर्माण का श्रेय महाप्रबंधक को देने का विरोध किया तथा इसे सरासर गलत बताया। उन्होंने बताया कि कनीना बस स्टैंड की जो राशि पास हुई है, वह हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री एवं अटेली की विधायक आरती सिंह राव के अथक प्रयासों का परिणाम है और श्रेय ये लोग खुद लेना चाह रहे हैं। ऐसी की महेंद्रगढ़ सब डिपो की बात है। उसमें भी केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह व वहां के विधायक कंवर सिंह यादव के अथक प्रयास हैं। इसलिए इस प्रकार की झूठी अफवाहें न फैलाएं।

राज्य प्रेस सचिव जितेंद्र यादव ने आरोप लगाया कि महाप्रबंधक द्वारा रेवाड़ी आगार में किए गए जीप के तेल और लोग बुक न भरकर किए गए भ्रष्टाचार की कॉपी उनके पास है। उन्होंने बताया कि महाप्रबंधक ने वीडियो में कहा कि ये 10–12 लोग हैं, जो पहले ड्यूटी नहीं करते थे। अपने घर पर काम करते थे। ये सरासर झूठ है, क्योंकि यूनियन के सभी सदस्य केवल कार्य पर कार्यरत रहते हैं। जिन यूनियनों की बात कही गई है, जिसमें जागृति मंच के प्रधान प्रीतम बागड़ी महाप्रबंधक गुट के हेड हैं। जबसे महाप्रबंधक इस डिपो में आए हैं, तबसे स्टैंड ड्यटी कर रहे हैं। वहीं नीरज को कैश ब्रांच में बैठा रखा है। यजुवेंद्र भी इनके गुट के हैं। इनको कर्मचारी समस्या से कोई मतलब नहीं। महाप्रबंधक को ज्ञापन एवं रिमाइंडर भी दिए गए, लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं की, जिस कारण प्रेस कांफ्रेंस करनी पड़ी। उन्होंने आरोप लगाया कि नारनौल डिपो में 91 कनिष्ठ परिचालक हैं, लेकिन फिर भी गुटबाजी व भ्रष्टाचार से वरिष्ठ चालकों को ओवरटाइम कराया जा रहा है।



कर्मचारी संगठनों का संयुक्त बयान, 'निष्पक्ष और कर्मचारी हितैषी हैं जीएम'

महाप्रबंधक देवदत्त के समर्थन में उतरीं यूनियनें, आरोप बताए निराधार

कुछ कर्मचारियों पर लगाए स्वार्थ के आरोप

नए रूट और सुविधाओं से जनता को लाभ

वायरल वीडियो पर भी दी सफाई

**नारनौल।** एक मई को प्रकाशित समाचार फोटो : हरिभूमि



रेवाड़ी। कार्यक्रम में अतिथियों के साथ मौजूद नेहा यादव। फोटो : हरिभूमि

## ईडी-डे पर सम्मानित हुई ज्वाइंट डायरेक्टर नेहा यादव

**रेवाड़ी।** शहर के आंनद नगर निवासी नेहा यादव को शुक्रवार को ईडी-डे पर देश के वित राज्यमंत्री पंकज चौधरी व डायरेक्टर ईडी राहुल नवीन ने उल्लेखनीय कार्य करने के लिए सम्मानित किया है। नेहा यादव ईडी के दिल्ली मुख्यालय पर बतौर ज्वाइंट डायरेक्टर के पद पर कार्यरत है। नेहा यादव के कार्यकाल में सबसे ज्यादा पैसा की रिकवरी हुई है। दिल्ली के भारत मंडपम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुलरूप से मंदपुरा गांव निवासी नेहा यादव की पढ़ाई रेवाड़ी में ही हुई है। इससे पहले नेहा यादव चंडीगढ़ में कार्यरत थी। कार्यक्रम में राजस्व सचिव अरविंद श्रीवास्तव, भारत सरकार के अपर महाधिवक्ता एसवी राजू तथा प्रवर्तन निदेशालय के निदेशक राहुल नवीन सहित विभिन्न केंद्रीय एजेंसियों के प्रमुख एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### आवश्यक जांच समय पर नहीं हो पा रही

# नागरिक अस्पताल कोसली को मिले पांच विशेषज्ञ डॉक्टर, स्वास्थ्य सेवाएं होंगी सुदृढ़

**कोसली सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों की थी कमी, सिजेरियन डिलीवरी के मामले किए जा रहे थे रेफर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

कोसली नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पांच नए विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की गई है। डॉक्टरों की नियुक्ति से क्षेत्र के मरीजों को अब विभिन्न रोगों का उपचार एक ही स्थान पर बेहतर तरीके से मिल सकेगा। नवनियुक्त डा. चरण सिंह एमडी पीडियाट्रिक बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में अपनी सेवाएं देंगे। डा. साक्षी शर्मा ओबीएस एवं गायनी स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ महिलाओं से संबंधित बीमारियों का उपचार करेंगी। डा. हिमाद्रि चंद्र एमडी एनेस्थीसिया की जिम्मेदारी निभाएंगे। इसके अलावा डा. दिनेश कुमार श्वास एवं फेफड़ों से जुड़ी बीमारियों का इलाज करेंगे, जबकि ओमबीर सिंहमार हड्डी एवं जोड़ों के रोगियों को सेवाएं देंगे। एसएमओ डा. विक्रम ने बताया कि विशेषज्ञों की नियुक्ति से मरीजों को अब दूर-दराज के बड़े अस्पतालों में जाने की आवश्यकता कम होगी।

कोसली नागरिक अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी के कारण गर्भवती महिलाओं व मरीजों को लंबे समय से परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अस्पताल में जरूरी दवाइयों और जांच किट का अभाव है, जिसके चलते मरीजों को निजी लैब और अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है। इस अव्यवस्था से लोगों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। अस्पताल में महिला विशेषज्ञ की नियुक्ति के बाद गर्भवती महिलाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज मिलने लगा था, लेकिन अब सुविधाओं की कमी ने फिर से उनकी मुश्किलें बढ़ा दी हैं। आवश्यक जांच समय पर नहीं हो पा रही है, वहीं एचआईवी टेस्ट की सुविधा भी उपलब्ध नहीं है। इसके अलावा एनेस्थिसिया विशेषज्ञ की कमी के चलते जटिल प्रसव के मामलों में मरीजों को अन्य शहरों के अस्पतालों में रेफर किया जा रहा था। महिलाओं ने बताया कि अस्पताल में केवल आयरन की दवाइयां ही उपलब्ध हैं, जबकि अन्य जरूरी और महंगी दवाइयां बाहर से खरीदनी पड़ रही हैं। ऑपरेशन से डिलीवरी के मामले में एनेस्थीसिया डॉक्टर के अभाव में उन्हें रोहतक या रेवाड़ी भेज दिया जाता है।, लेकिन अब डॉक्टरों की नियुक्ति से मरीजों को राहत मिल गई है।





रेवाड़ी। कोसली स्थित सब डीविजन नागरिक अस्पताल। फोटो : हरिभूमि

### अस्पताल में संसाधनों की कमी

महिला विशेषज्ञ डा. प्रीति ने बताया कि अस्पताल में संसाधनों की कमी के कारण मरीजों को पूरी सुविधाएं देने में दिक्कत आ रही है। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यक जांच किट और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हो जाएं, तो अधिकतर मामलों का इलाज यहीं संभव है और मरीजों को बाहर रेफर करने की जरूरत नहीं पड़ेगी।

### मरीजों को जल्द दी जाएगी सभी सुविधाएं

एसएमओ डा. विक्रम ने बताया कि एचआईवी किट के लिए सीएमओ को सूचित किया गया है और जल्द ही किट उपलब्ध होने की संभावना है। यदि किट नहीं आती हैं तो बाहर से खरीदने की अनुमति ली जाएगी। उन्होंने कहा कि एनेस्थीसिया सहित अन्य विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति कर दी गई है। जल्द ही सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

## न्यूज डॉयरी



### एएम टीम ने महिलाओं को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**रेवाड़ी।** शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर एएम टीम फाउंडेशन की ओर से श्रमिक महिलाओं को स्वच्छता व स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। प्रधान राहुल राठौड़ की पहल पर टीम के सदस्यों ने श्रमिक महिलाओं को सैनिटरी पैड वितरित किए और मासिक धर्म स्वच्छता के बारे में जानकारी प्रदान की। महिलाओं को मासिक धर्म के समय स्वच्छता बरतने, सुरक्षित उत्पादों के उपयोग तथा स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर टीम सदस्य रिंकू यादव ने अपने जन्मदिन पर पुत्र हर्षित यादव के साथ श्रमिकों को फल व खाद्य सामग्री भी वितरित की। संस्था की सदस्य अनुराधा सैनी ने सभी सदस्यों, सहयोगियों एवं महिलाओं का आभार व्यक्त किया और इस प्रकार की सामाजिक पहलों को आगे भी जारी रखने का संकल्प लिया।



### भारत विकास परिषद शाखा ने श्रमिकों को वितरित किया भोजन

**रेवाड़ी।** भारत विकास परिषद शाखा की ओर से शुक्रवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर लेबर चौक सेक्टर-5 में भूतपूर्व सचिव प्रवीण जांगिड़ की मां स्व. कृष्णा देवी की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रमिकों को भोजन वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रांतीय महासचिव एवं अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के प्रांतीय अध्यक्ष डा. रामबाबू यादव ने कहा कि संस्था ने श्रमिक दिवस के अवसर पर श्रमिकों को भोजन कराकर सेवा दायित्वों का निर्वहन किया है। शाखा अध्यक्ष दिनेश सैनी ने कहा कि स्व. कृष्णा देवी का जीवन शिक्षा, समाज सेवा और परिवार प्रबंधन को समर्पित रहा। इस मौके पर शाखा संरक्षक रमेश सचदेवा, शाखा सचिव राम किशोर सैनी, शाखा संयोजक प्रदीप माटा, कोषाध्यक्ष प्रेम मेहंदीरत्ता, प्रवीण जांगिड़, हुक्म चन्द प्रजापत, डा. दीपक सैनी, हरपाल शर्मा व रमेश मेहंदीरत्ता सहित अनेक प्रबुद्धजन उपस्थित थे।





### पंजाब नेशनल बैंक के वरिष्ठ लेखा परीक्षक मुलोदिया हुए सेवानिवृत्त

**रेवाड़ी।** पंजाब नेशनल बैंक में कार्यरत गांव बव्वा निवासी आंतरिक वरिष्ठ लेखा परीक्षक रत्न सिंह मुलोदिया करीब 40 के कार्यकाल के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर बैंक की मुख्य प्रबंधक शर्मिला और ऑडिट टीम के सदस्य सुमेर सिंह, दिनेश कुमार व अजय कुमार कहा कि रत्न सिंह मुलोदिया अपने सौम्य स्वभाव के कारण सभी स्टाफ के लिए प्रेरणास्रोत बने रहेंगे। इस मौके शिक्षक एवं साहित्यकार श्रीभगवान बव्वा, चन्द्रगुप्त, डा. सोनू, राम जीवन, शैलेन्द्र, लालाराम, शिवानी, डा. नेहा, राहुल मुलोदिया, एडवोकेट भजनलाल व रंजन कुमार मौजूद थे।



### इंस्पेक्टर राजेश की सेवानिवृत्ति पर दी विदाई

**धारूहेड़ा।** हरियाणा पुलिस फरीदाबाद में कार्यरत क्षेत्र के गांव भटसाना निवासी इंस्पेक्टर राजेश कुमार यादव 58 साल की सेवा देने के बाद सेवानिवृत्त हो गए। इस मौके पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया। स्टाफ सदस्यों ने इंस्पेक्टर राजेश को यादगार स्मृति चिंह भेंट किए। गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने सेवानिवृत्त इंस्पेक्टर का स्वागत किया। इस अवसर पर संत कुमार यादव, रमेश यादव, राजेश, राज मिस्त्री, प्रदीप यादव, ज्ञानी, कमलेश यादव, रमेश व राकेश सहित अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

## सोलो डांस प्रतियोगिता में निकिता अजय और करिश्मा ने मारी बाजी



**मीरपुर।** इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय में प्रबंधन विभाग की ओर से विश्व नृत्य दिवस के उपलक्ष्य में सोलो डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो. रितु बजाज ने कहा कि विश्व नृत्य दिवस मनाने का उद्देश्य नृत्य कला को बढ़ावा देना, इसके महत्व को समझाना तथा सांस्कृतिक सीमाओं से परे लोगों को एकजुट करना है। यह दिन आधुनिक बैले के जनक जीन-जॉर्जेस नोवेरे की जयंती के रूप में 1982 से मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रमों से छात्रों में प्रबंधकीय कौशल के साथ-साथ कला के प्रति समझ भी विकसित होती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एवं निर्णायक मंडल के रूप में नृत्य निदेशक सागर सैनी, थिएटर कलाकार मनीष शर्मा, डा. अनीता यादव और प्रो. अदिति शर्मा उपस्थित थे। इस अवसर पर डा. सुशांत यादव ने बताया कि विश्वविद्यालय की डांस टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर कई उपलब्धियां हासिल की हैं, जिनमें एआईयू यूथ फेस्टिवल में कांस्य पदक प्रमुख है। उन्होंने बताया कि इस टीम को सागर सैनी ने प्रशिक्षित किया था। प्रतियोगिता में एमएससी भूगोल की छात्रा निकिता ने प्रथम, एमबीए अंतिम वर्ष के छात्र अजय ने दूसरा और एमबीए प्रथम वर्ष की छात्रा करिश्मा ने तृतीय स्थान हासिल किया।

## बुनियाद कार्यक्रम विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का एक स्वर्णिम मंचः प्राचार्य

- राजकीय विद्यालय में 'बुनियाद कार्यक्रम' के तहत नवीन सत्र के दाखिलों के लिए काउंसलिंग सत्र का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को शिक्षा विभाग के महत्वाकांक्षी 'बुनियाद कार्यक्रम' के तहत नवीन सत्र के दाखिलों के लिए काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य विनोद कुमार यादव और डीएसएस रीनू यादव के मार्गदर्शन में आयोजित सत्र में विद्यार्थियों और अभिभावकों को बुनियाद कार्यक्रम के लाभों और भविष्य की संभावनाओं से अवगत कराया गया। दाखिला प्रक्रिया में प्राचार्य, डीएसएस, विद्यालय बुनियाद कॉर्डिनेटर विकास, जितेन्द्र दखोरा, सुभाष, राजेश यादव, कार्यालय लिपिक अशोक बेरवाल और शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने भूमिका निभाई। टीम के सदस्यों ने एडमिशन लेने आए विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच करने के साथ-साथ अभिभावकों की शंकाओं का समाधान किया।

इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार ने कहा कि बुनियाद कार्यक्रम सरकारी स्कूलों के होनहार विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का एक स्वर्णिम मंच है। स्कूल का प्रयास है कि प्रत्येक पात्र विद्यार्थी को इस योजना का लाभ मिले ताकि वे भविष्य में आईआईटी और मेडिकल जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों की राह आसान कर सकें। डीएसएस रीनू यादवने कहा कि बुनियाद कार्यक्रम के माध्यम से बच्चों के अंदर छिपी प्रतिभा को सही दिशा और विशेषज्ञ मार्गदर्शन मिलता है। शिक्षा विभाग का उद्देश्य प्रक्रिया को पारदर्शी और विद्यार्थी-अनुकूल बनाना है।

शिक्षाविद मनोज वशिष्ठ ने कहा कि किसी भी भव्य इमारत की मजबूती उसकी बुनियाद पर टिकी होती है। शिक्षा विभाग की यह योजना भी विद्यार्थियों के बौद्धिक और तार्किक विकास की ही आधारशिला है।



रेवाड़ी। काउंसलिंग सत्र में मौजूद शिक्षक, अभिभावक व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

## छात्रों को प्राथमिक चिकित्सा की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

लावण्या फाउंडेशन ने जिला रैडक्रास सोसायटी के सहयोग से फर्स्ट एड ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया। बाल भारती सीनियर सैकेंडरी स्कूल में कैंप में छात्रों, शिक्षकों एवं स्थानीय लोगों को प्राथमिक उपचार की जानकारी दी गई ताकि आपातकालीन परिस्थितियों में तुरंत सहायता प्रदान की जा सकें। इस मौके पर मुख्य अतिथि प्रिंसिपल मोनिका ने कहा कि आज के समय में प्राथमिक उपचार का ज्ञान हर व्यक्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में शुरूआती कुछ मिनट बहुत महत्वपूर्ण होते हैं, जिसमें सही समय पर दिया गया प्राथमिक उपचार किसी की भी जान बचा सकता है। उन्होंने छात्रों को प्रशिक्षण को गंभीरता से सीखने और भविष्य में समाज सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए प्रेरित किया। शिविर के दौरान प्रशिक्षक राजकुमार ने चोट, जलने, बेहोशी व रक्तस्राव सहित अन्य आकस्मिक स्थितियों में प्राथमिक उपचार देने के तरीके समझाए। प्रतिभागियों को सीपीआर जैसी जीवन रक्षक तकनीकों का व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया।





## पिछड़ा वर्ग को नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की फिर उठी मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सामाजिक न्याय समिति के संयोजक मनोज यादव, कैलाश यादव मनेठी, रामबीर यादव प्रधान यादव सभा, रामेश्वर दयाल जांगड़ा, कुलदीप सिंह यादव, रमेश कुमार सैन, लोकेश कुमार रोहिल्ला प्रधान रोहिल्ला समाज, जौहरी सिंह गुर्जर, विवेक भाटोटिया व सुरेंद्र यादव रिटायर्ड चीफ मैनेजर ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हरियाणा में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी की नौकरियों में 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग की है। समिति सदस्यों ने कहा कि इस बारे में मुख्यमंत्री को पहले भी दो बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं। इनके अलावा केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह, कैबिनेट मंत्री राव नरबीर सिंह, स्वास्थ्य मंत्री आरती राव, मंत्री रणबीर सिंह गंगवा, विधायक लक्ष्मण सिंह यादव, विधायक अनिल यादव भाजपा जिलाध्यक्ष डा. वंदना पोपली को भी ज्ञापन दिया जा चुका है और सभी ने आश्वासन दिया था कि मांग को लेकर पूरे प्रयास किए जाएंगे। विधायक लक्ष्मण सिंह व विधायक चंद्रप्रकाश ने मांग को लेकर विधानसभा सत्र में पैरवी भी की थी।

## हुड़दंगबाजी करने के मामले में दो आरोपी काबू

**रेवाड़ी।** मॉडल टाउन थाना पुलिस ने सार्वजनिक स्थान पर शराब के नशे में गाली-गलौज व हुड़दंगबाजी करके आम जनता की शांति भंग करने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान एमपी के जिला मुरैना गांव सीहोनीया हाल किरायेदार मोहल्ला शुक्रपुरा निवासी संतोष व बिहार के जिला सिमर के गांव राजादी हाल किरायेदार मोहल्ला शक्ति नगर निवासी नितेश के रूप में हुई है। गत 30 अप्रैल को पुलिस को सूचना मिली कि ब्रास मार्केट के नजदीक शराब के ठेके के पास दो नौजवान शराब के नशे में हुडदंग बाजी कर रहे है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 × 8 सें.मी<br>10 × 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

### कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया

# श्रमिक दिवस पर सभा आयोजित, संगठनों ने मजदूरों के हकों के लिए उठाई आवाज





रेवाड़ी। सभा में मौजूद महिलाएं व संबोधित करते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

ब हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को केंद्रीय श्रमिक संगठन एआईटीयूसी व एआईयूटीयूसी की ओर से नेताजी सुभाष चंद्र बोस पार्क में सभा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकडों मजदूरों व स्कीम वर्कर महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ नेताजी सुभाषचंद्र बोस की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया और शिकागो के मजदूर शहीदों को श्रद्धाजंलि अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका यूनियन की जिला प्रधान तारा देवी ने की। इस मौके पर वक्ताओं ने मई दिवस के इतिहास पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि 1 मई 1886 को अमेरिका के शिकागो शहर में हजारों मजदूरों ने काम के आठ घंटे की समय सीमा निर्धारित करने के लिए आंदोलन किया था, जिस पर पुलिस ने भीषण गोलीबारी करके सैकड़ों मजदूरों को लहुलुहान कर दिया। उस आंदोलन के बदौलत ही आज दुनिया भर में काम के 8 घंटे के अधिकार को प्राप्त किया जा सका है, परंतु आज भारत सहित दुनिया के सभी पूंजीवादी देशों में मजदूरों के संघर्षों से हासिल किए गए अधिकारों को छीना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत सरकार ने 29 श्रम कानूनों को खत्म करके मजदूर विरोधी चार लेबर कोड लागू कर दिए है। गुरुग्राम, मानेसर, फरीदाबाद व पलवल में न्यूनतम वेतन मांगने पर मजदूरों पर लाठीचार्ज किया गया, जोकि निंदनीय है। वक्ताओं ने सरकार से मजदूर-कर्मचारी विरोधी कर लेबर कोर्ट को वापस लेने, गुरुग्राम व मानेसर औद्योगिक क्षेत्र में गिरफ्तार किए गए संघर्षरत मजदूरों को रिहा करने, मुकदमे वापस लेने और मामले की जांच करके दोषी अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की। इस मौके पर एआईटीयूसी के जिला प्रधान सतीश नाहड़, सचिव अजय सिंह, संगठन सचिव अजमेर सिंह, एआईयूटीयूसी के जिला सचिव शेरसिंह मीरपुर,आशा कार्यकर्ता यूनियन की जिला सचिव संतोष यादव, सचिव मुनेश सुमाखेड़ा, डा. लेखराम मेहरा, आशा जाड़ोदिया, बीडी चौधरी व नरेश तुर्कियावास ने अपने विचार रखे। एआईयूटीयूसी के जिला उपाध्यक्ष मास्टर हरिओम सिंह ने मंच संचालन किया।

### ये रहे मौजूद

सभा में शीला देवी, सुनीता, लीलावती, निर्मला, राजबाला, महेंद्र सिंह, भीम सिंह, पोहप सिंह, प्रदीप, हेमलता, सुशीला, निर्मला, सरोज, भतेरी, जगवती, फूलवती, लक्ष्मी देवी, अंशु, बीना देवी, अरुण कुमार, ॠतु, कुलदीप सिंह, सुरेश कुमार, अमनवती, मनीषा, गंगा, मंजू देवी, जानकी देवी, मुकेश कुमार, राजेश कुमार, सीमा देवी, बीना, दया, रोशनी देवी, बिंदु देवी व आशा रानी मौजूद थे।

## नीट एग्जाम के लिए पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

जिले में 3 मई को होने वाले नीट एग्जाम को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा ने सभी पर्यवेक्षण अधिकारियों व थाना प्रभारियों को पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था रखने केसख्त निर्देश दिए है। नीट परीक्षा के लिए जिले में 11 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जा रहे हैं और प्रत्येक केंद्र पर पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मियों की तैनाती की जाएगी। इसके अतिरिक्त परीक्षा केंद्रों के आसपास नाकेबंदी रहेगी, जहां तैनात होने वाले पुलिस कर्मियों को सतर्क रहने और सभी गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। एसपी मीणा ने कहा कि परीक्षा केंद्रों के अंदर केवल ड्यूटी पर तैनात स्टाफ और परीक्षार्थियों को ही प्रवेश की अनुमति होगी। किसी भी अन्य व्यक्ति को केंद्र में प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने बताया कि परीक्षार्थियों की गहन तलाशी ली जाएगी, जिसके लिए एचएचएमडी और फ्रिस्किंग टीम को तैनात किया जाएगा। परीक्षा के समय पुलिसकर्मी वाकी-टाकी से लैस रहेंगे ताकि किसी भी प्रकार की सूचना को तुरंत अधिकारियों तक पहुंचाया जा सकें। एसपी ने परीक्षा केंद्रों के आसपास सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए है। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी प्रकार के आग्नेय अस्त्र लेकर आने पर भी पाबंदी रहेगी। परीक्षा केंद्रों के आस-पास सभी फोटो स्टेट की दुकानें बंद रहेंगी। इसके आलावा नीट एग्जाम दौरान यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए मुख्य चौराहों पर ट्रैफिक जवानों की अतिरिक्त नियुक्ति की जाएगी। एसपी ने सभी थाना प्रभारियों को अपने-अपने थाना क्षेत्रों में स्थित परीक्षा केंद्रों पर लगातार गश्त करने व आस पास के इलाके में काम्बिंग करके जांच करने के भी कड़े निर्देश दिए हैं। पीसीआर व राइडर टीमों को भी परीक्षा केंद्रों के आसपास निरंतर गश्त करने के लिए कहा गया है। एसपी मीणा ने नीट परीक्षा के दौरान सभी दुकानदारों से अपील की है कि वे परीक्षा केंद्रों के आसपास अपनी फोटो स्टेट व स्टेशनरी की दुकान बंद रखे, साथ ही उन्होंने सभी होटल, गेस्ट हाउस संचालक व आमजन से भी अपील की है कि कोई भी संदिग्ध व्यक्ति नजर आए तुरंत डायल-112 या संबंधित पुलिस थाना या चौकी में सूचना दें।

